लक्षित समूह

लक्षित लोगों के चुनाव का बहुत महत्व है। यह मैनुअल जल शिक्षकों या पेशेवर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए डिजाइन किया गया है। 'मुख्य प्रशिक्षकों' में ये सभी हो सकते हैं –

- जल से संबंधित मुद्दों पर कार्य कर रहीं स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ)/सीवीओ के कर्मचारी
- जल और उससे संबंधित मुद्दों में रुचि रखने वाले विकास कार्यकर्ता या पेशेवर
- जल के क्षेत्र में विशेष दिलचस्पी रखनेवाले शिक्षाविद, शोधकर्ता, सामाजिक उद्यमी आदि

ये मुख्य प्रशिक्षक आगे इस मैनुअल (संलग्न पावर प्वाइंट प्रस्तुति के साथ) का उपयोग समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को शिक्षित करने के लिए करेंगे। सामान्यतः लक्षित लोग में ये शामिल हो सकते हैं –

- बच्चे
- महिलाएं
- किसान
- पंचायती राज संस्थाएं
- शोधकर्ता
- सामाजिक कार्यकर्ता
- सरकारी कर्मचारी
- नीति निर्माता
- सामान्य उपयोगकर्ता

प्रस्तुति का तरीका, भाषा, विषय सामग्री सभी हमारे चिह्नित लक्षित लोगों पर निर्भर करते हैं और केवल तभी विज्ञान संचार प्रयास के प्रभावोत्पादकता को निर्धारित किया जा सकता है।